पत्रांक-बि.प्र.सु.मि.सो./ आर.टी.पी.एस.-01/2011, सो0 862

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

डॉ.प्रतिमा

अपर मिशन निदेशक

सेवा में ,

जिला पदाधिकारी, पटना एवं मुजफ्फरपुर

नगर आयुक्त,पटना नगर निगम एवं मुजफ्फरपुर नगर निगम

पटना, दिनांक- 14/6/2021

विषयः- **मुजफ्फरपुर नगर निगम कार्यालय तथा पटना नगर निगम के विभिन्न अंचल कार्यालयों में लोक सेवा केंद्र चालू किए जाने के संबंध में।**

प्रसंग :- जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर का पत्रांक-157/सा.सु., दिनांक-01.03.2021 एवं नगर आयुक्त, पटना नगर निगम का पत्रांक-7911, दिनांक-07.09.2018

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से प्राप्त अनुरोध के आलोक में मिशन कार्यालय के पत्रांक-809, दिनांक- 02.06.2021 द्वारा पटना नगर निगम के विभिन्न अंचल कार्यालयों एवं मुजफ्फरपुर नगर निगम कार्यालय में KIOSK module पर लोक सेवा केंद्र स्थापित किए जाने के निर्णय की सूचना दी जा चुकी है। इन नगर निगमों में लोक सेवा केंद्रों को चालू करने के संदर्भ में निम्नलिखित बिन्दुओं से अवगत कराना है –

1) इन नगर निकायों के कार्यालयों में खोले जा रहे लोक सेवा केन्द्रों पर overall control संबंधित जिला पदाधिकारी का रहेगा। जिलों में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा समन्वय-अनुश्रवण रखा जाएगा।
2) इन केन्द्रों के लिए नियोजित किए जाने वाले मानव बल एवं अन्य आवश्यक आवर्तक–अनावर्तक व्यय के लिए राशि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा गैर वेतन इकाई मद में प्राप्त सहायक अनुदान की राशि से संबंधित जिला पदाधिकारी को उनकी अधियाचना के आलोक में उपलब्ध कराई जाएगी।
3) तत्काल प्रत्येक लोक सेवा केंद्र पर out sourcing के माध्यम से 02 डाटा एंट्री ऑपरेटर की सेवाएँ प्राप्त की जाएगी। इनकी सेवाएँ संबंधित जिला पदाधिकारी के द्वारा BELTRON से अधियाचना कर नियमानुसार प्राप्त की जा सकेगी।
4) इन लोक सेवा केंद्र के लिए दो कंप्यूटर सिस्टम, दो प्रिंटर एवं दो स्कैनर उपलब्ध कराने हेतु बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी द्वारा बेल्ट्रॉन को अनुरोध किया जा रहा है। इसका भुगतान मिशन स्तर से सीधे किया जाएगा। कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर एवं स्कैनर की delivery संबंधित जिला पदाधिकारी/ जिलों में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के नोडल पदाधिकारी को की जाएगी जो इन्हें इन लोक सेवा केन्द्रों पर अधिष्ठापित करायेंगे।
5) पटना नगर निगम के विभिन्न अंचल कार्यालयों एवं मुजफ्फरपुर नगर निगम कार्यालय में खोले जाने वाले लोक सेवा केन्द्रों के लिए उपयुक्त स्थान (उपस्कर सहित) संबंधित नगर आयुक्त द्वारा कृपया उपलब्ध कराया जाएगा।

अतः अनुरोध है कि विषयांकित लोक सेवा केन्द्रों को चालू करने के लिए सभी निर्दिष्ट कार्रवाईयां यथाशीघ्र संपादित कर मिशन कार्यालय को भी सूचित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

14/6/21

(डॉ. प्रतिमा)

अपर मिशन निदेशक

ज्ञापांक- बि०प्र०सु०मि०सो०/ आर.टी.पी.एस.-01/2011 सो0-862**, दिनांक-** 14/6/2021

प्रतिलिपिः- प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना एवं तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

14/6/21

अपर मिशन निदेशक

ज्ञापांक- बि०प्र०सु०मि०सो०/ आर.टी.पी.एस.-01/2011 सो0-...862..., दिनांक- ...14/6/2021

प्रतिलिपि:- जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पटना एवं मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

14/6/21

अपर मिशन निदेशक

14062021